एशिया कप में आज

भारत Vs हॉन्ग कॉन्ग शाम 5 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

▸p12

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नोएडा > मंगलवार, 18 सितंबर 2018 > भाद्रपद 27 शक संवत 1940 भाद्रपद शुक्ल नवमी द्वितीया विक्रम 2075 | नोएडा | पेज 18* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित | www.nbt.in

लीजा के घर गूंजी जुड़वां बेटियों की किलकारी

Noida Times

निर्माण के देवता विश्वकर्मा को किया नमन

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह हुए पूजा के कार्यक्रम

■ एक संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

ग्रेनो में सोमवार को जगह-जगह विश्वकर्मा जयंती के मौके पर पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर वहां मौजूद सभी कर्मचारी इसमें शामिल हुए और निर्माण के देवता कहे जाने वाले विश्वकर्मा भगवान की आरती की। **गौर सिटी में काम करने वाले सभी लोग अपने औजारों के साथ इस पूजा में आए और भगवान विश्वकर्मा के साथ साथ अपने जीविका के संसाधन बने इन औजारों की पूजा की।**

सेक्टर-16 स्थित गुलशन बेलिना सोसायटी में मजदूरों ने कंप्यूटर, संयंत्रों, मशीनरी से जुड़े दूसरे उपकरणों व वाहनों की पूजा की। आरजी लग्जरी होम्स के प्रोजेक्ट में काम कर रहे सभी इंजीनियरों व मजदूरों को इस पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। आरजी ग्रुप के एमडी राजेश गोयल ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उनकी पूजा और यज्ञ करना अनिवार्य माना जाता है।

अल्फा-1 सेक्टर में एनपीसीएल की ओर से पूजा की गई। वहीं सेक्टर-144 स्थित ऑक्सिजन बिजनेस पार्क में भी विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। दादरी में आमका रोड पर पूर्व सभासद सुधीर वत्स ने कार्यक्रम किया। नॉलेज पार्क में जीएनआईओटी कॉलेज और अल्फा-1 कमर्शल बेल्ट में ट्रेडेक्स टावर-2 में भी पूजा की गई।

गौर सिटी में काम करने वाले सभी लोग अपने औजारों के साथ इस पूजा में आए और भगवान विश्वकर्मा के साथ-साथ अपने जीविका के संसाधन बने इन औजारों की पूजा की।

औजारों की भी हुई पूजा अर्चना

एक संवाददाता, नोएडाः शहर में सोमवार को कई जगह पर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है। सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. वाई डी शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के व्यक्तित्व के बारे में बताया। सेक्टर-75 में बन रहे स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल और सेक्टर-78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन्स में मशीनों और औजारों की पूजा की गई। सेक्टर-144 स्थित गुलशन बोटनिया और 143 में बन रही सोसायटी गुलशन इकेबाना में लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की आरती की।

सेक्टर-143 स्थित गुलशन इकवाना सोसायटी

दादरी के छठ पूजा स्थल आमका रोड

सेक्टर 144 स्थित गुलशन बोटनिया सोसायटी

ग्रेनो के सेक्टर अल्फा 1 में एनपीसीएल

सेक्टर-78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन्स

ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज

ग्रेनो के कमर्शल बेल्ट स्थित ट्रेडेक्स टावर 1